# प्रीतम लोधी को नोटिस जारी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने 3 दिन में मांगा जवाब

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 22 अप्रैल।** पिछोर विधानसभा सीट से भाजपा विधायक प्रीतम लोधी को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने नोटिस जारी किया है। खंडेलवाल ने प्रीतम लोधी से 3 दिन में अपना जवाब पेश करने को कहा है। पिछोर विधानसभा क्षेत्र के करैरा कस्बे में विधायक प्रीतम लोधी के बेटे दिनेश की थार गाड़ी से हुए एक्सीडेंट के बाद विधायक ने पुलिस अफसर पर टिप्पणी की इसके बाद मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। वहीं, मंगलवार को बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने इस मामले की रिपोर्ट मध्य प्रदेश बीजेपी से मांगी थी। इसके बाद यह नोटिस जारी किया गया है।

वहीं, प्रीतम लोधी ने कहा कि मुझे अभी तक कोई आधिकारिक नोटिस नहीं मिला है। नोटिस मिलने के बाद ही पार्टी के सामने अपना पक्ष रखूंगा और उचित जवाब दूंगा। इधर, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि बीजेपी कहती थी कि कांग्रेस अपराधियों को संरक्षण देती है लेकिन आज मंत्री हो या विधायक सभी कानून



## पुलिस अफसर पर की है टिप्पणी

की धज्जियां उड़ा रहे हैं। बीजेपी गुंडा पार्टी बनती जा रही है भाजपा विधायक प्रीतम लोधी ने एसडीओपी आयुष जाखड़ को धमकी दी। सामने आए वीडियो में वे कह रहे हैं कि करैरा के एसडीओपी के बंगले को 10 हजार लोगों को ले जाकर गोबर से भरवा देंगे। मेरा मुक्का पहले ढाई किलो का था, अब यह ढाई सौ किलो का हो गया है। उन्होंने आगे कहा कि वे उन्हें बेचैन कर देंगे। विधायक ने कहा कि वे एसपी से पूछना चाहते हैं कि उन्हें दिल्ली से निर्देश कौन भेज रहा है। क्या मोदी भेज रहे हैं, अमित शाह भेज रहे हैं या महाराज सिंधिया भेज रहे हैं? ऐसे निर्देश केवल उन्हें ही क्यों भेजे जा रहे हैं, जबकि भोपाल में पार्टी का नेतृत्व मौजूद है। इसके अलावा विधायक ने कहा था- करैरा तेरे डैडी का नहीं है एसडीओपी। करैरा आएगा और चुनाव भी लड़ेगा। अगर तेरे डैडी में दम हो तो रोक लेना। अधिकारी अपनी औकात में रहें और कानून के दायरे में काम करें। कानून हमें भी आता है। 16 अप्रैल सुबह 7:30 बजे युवक संजय परिहार अपने साथियों के साथ बाइक से करैरा जा रहे थे। आगे सीता वर्मा और पूजा सोनी पैदल थीं। पीछे आए विधायक के बेटे दिनेश लोधी ने थार से पहले महिलाओं और फिर बाइक को टक्कर मारी। हादसे में 5 लोग घायल हुए थे। पुलिस ने दिनेश लोधी पर एफआईआर दर्ज कर थार जब्त की थी। कोर्ट के आदेश के बाद रविवार को दिनेश लोधी करैरा थाने पहुंचा था। यहां एसडीओपी आयुष जाखड़ और थाना प्रभारी विनोद छावई ने उससे एक्सीडेंट पर पूछताछ की। जांच में थार पर हूटर और शीशों पर काली फिल्म मिली। पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट में चालान कर वाहन सुपुर्द किया। विधायक ने कहा कि उन्होंने ही एसपी से कहकर बेटे पर एफआईआर कराई, गाड़ी भिजवाई और बेटे को थाने भेजा था।

## विधायक प्रीतम लोधी पर कार्रवाई की मांग, बहुजन समाज ने एसपी को ज्ञापन देकर जांच की मांग की

पिछोर विधायक प्रीतम लोधी के एक कथित बयान पर विवाद खड़ा हो गया है। इस मामले में सम्पूर्ण बहुजन समाज संगठन ने मुख्यमंत्री के नाम पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि विधायक लोधी ने करैरा एसडीओपी जाकड़ के खिलाफ सार्वजनिक रूप से आपत्तिजनक बयान दिया है। संगठन का कहना है कि यह बयान पुलिस प्रशासन को चुनौती और धमकी देने जैसा है, जो कानून व्यवस्था और लोकतांत्रिक मर्यादाओं का उल्लंघन है। बहुजन समाज के प्रतिनिधि दिनेश जौराठी ने आरोप लगाया कि विधायक तानाशाही रवैया अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधायक के बेटे द्वारा सड़क



दुर्घटनाएं किए जाने के बावजूद कार्रवाई में बाधा डालने की कोशिश की जा रही है। जौराठी ने यह भी कहा कि एसडीओपी के खिलाफ की गई टिप्पणियां जनप्रतिनिधि के पद की गरिमा के अनुरूप नहीं हैं। उनका आरोप है कि विधायक पहले भी पुलिस अधीक्षक के खिलाफ अभद्र टिप्पणी कर चुके हैं। बहुजन समाज ने मांग की है कि पूरे मामले की गहन जांच की जाए। यदि विधायक दोषी पाए जाते हैं, तो उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाए और पार्टी स्तर पर उनकी सदस्यता समाप्त करने पर भी विचार किया जाए। इस मामले में प्रशासनिक स्तर पर जांच प्रक्रिया शुरू होने की बात कही जा रही है। वहीं, राजनीतिक गलियारों में भी यह मुद्दा चर्चा का विषय बना हुआ है।



# चार साल से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 22 अप्रैल।** फरार अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में अमोला थाना क्षेत्र की अमोलपठा चौकी पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने चार साल से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय करैरा में पेश किया।

पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले तथा एसडीओपी करैरा आयुष जाखड़ के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। आरोपी प्रकरण क्रमांक 848/22 में लंबे समय से फरार चल रहा था और पुलिस को लगातार चकमा दे रहा था। मुखबिर से मिली सटीक सूचना के बाद अमोलपठा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अंजली सिंह ने तत्काल टीम गठित कर दबिश दी। पुलिस की घेराबंदी इतनी सटीक रही कि आरोपी मनोज उर्फ कान्हा जाटव उम्र 29 वर्ष को संभलने का मौका नहीं मिला और उसे मौके से ही गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय करैरा में पेश किया गया। इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक शेरसिंह गौर, आरक्षक सुनील रावत, प्रदीप कुमार, राहुल कुमार एवं चालक जसवंत परिहार की अहम भूमिका रही।

# ई-विकास प्रणाली से ही होगा खाद विक्रय, उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई, 12 लाइसेंस निलंबित

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 22 अप्रैल।** जिले में 1 अप्रैल 2026 से उर्वरकों के विक्रय की व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया गया है। अब शत-प्रतिशत खाद का विक्रय अनिवार्य रूप से ई-विकास प्रणाली के माध्यम से ही किया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना इस प्रणाली के (ऑफलाइन) खाद बेचने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

किसान कल्याण तथा कृषि विकास उप संचालक पी.एस. करोरिया ने बताया कि नियमों के उल्लंघन पर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए अब तक 08 निजी खाद विक्रेताओं के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए हैं। वहीं लापरवाही बरतने वाली 04 पैक्स (प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति) संस्थाओं पर भी कार्रवाई करते हुए उनके लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। अधिकारियों ने जिले के सभी खाद विक्रेताओं को चेतावनी दी है कि भविष्य में किसी भी स्थिति में ऑफलाइन विक्रय स्वीकार्य नहीं होगा। यदि कोई विक्रेता ई-विकास प्रणाली को दरकिनार कर खाद बेचता पाया गया, तो उसका लाइसेंस निरस्त करने के साथ अन्य दंडात्मक कार्रवाई भी की जाएगी।

# कलेक्टर के औचक निरीक्षण के बाद एक्शन मोड में डीईओ

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 22 अप्रैल।** जिले के शासकीय विद्यालयों में शिक्षकों की लापरवाही अब सीधे कार्रवाई की जद में आ गई है। कलेक्टर के आकस्मिक निरीक्षण में सामने आई गंभीर अनियमितताओं के बाद जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव ने सख्त रुख अपनाते हुए पूरे शिक्षा अमले को चेतावनी जारी कर दी है।

निरीक्षण के दौरान कई स्कूलों पर ताले लटके मिले, कई जगह शिक्षक अनुपस्थित पाए गए, तो कहीं शिक्षक मौजूद होने के बावजूद छात्रों की उपस्थिति शून्य रही। इस स्थिति को डीईओ ने अत्यंत खेदजनक बताते हुए साफ किया कि इससे विभाग की छवि

## लापरवाहों पर सख्त कार्रवाई के संकेत

धूमिल हुई है और यह सीधे तौर पर स्थानीय स्तर की मॉनिटरिंग में कमी को दर्शाता है। डीईओ श्रीवास्तव ने स्पष्ट कहा कि शिक्षकों की उपस्थिति और



विद्यालय संचालन को लेकर पहले भी कई बार समीक्षा बैठकों और वर्चुअल मीटिंग्स में निर्देश दिए जा चुके हैं, इसके बावजूद हालात में सुधार नहीं होना गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने बीईओ, बीआरसीसी, बीएसी और सीएसी सहित सभी जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने विकासखंडों में नियमित निगरानी सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि विद्यालयों का निर्धारित समय सुबह 7:30 बजे है, लेकिन निरीक्षण में इस नियम की खुलेआम अनदेखी सामने आई। इसे प्रशासनिक अनुशासनहीनता मानते हुए डीईओ ने चेताया कि अब ढिलाई किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीईओ विवेक श्रीवास्तव ने दो टूक कहा कि सभी शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, समय पर विद्यालय संचालन और छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित करना प्राथमिक जिम्मेदारी है। यदि भविष्य में ऐसी लापरवाही दोहराई गई तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

# बेजुबानों पर संकट, प्यास-भूख से तड़पते हजारों जीव, जिम्मेदार खामोश

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 22 अप्रैल।** जिले की पहचान मानी जाने वाली अमोला घाटी इन दिनों एक गंभीर मानवीय और पर्यावरणीय संकट का सामना कर रही है। भीषण गर्मी के बीच यहां रहने वाले हजारों बंदर, लंगूर और गोवंश पानी और भोजन के अभाव में तड़प रहे हैं। हालात इतने खराब हैं कि कई जगह ये बेजुबान जीव कमजोर होकर सड़कों और घाटी किनारे पड़े दिखाई दे रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार तंत्र अब तक मौन है।

गौ सेवा समिति के अध्यक्ष कल्लू महाराज ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि यह समस्या नई नहीं, बल्कि वर्षों पुरानी है, लेकिन हर बार इसे नजरअंदाज कर दिया जाता है। घाटी से गुजरने वाले राहगीर कभी-कभी फल या



भोजन डाल देते हैं, परंतु यह व्यवस्था इतने बड़े झुंड के लिए नाकाफी साबित हो रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मांग की है कि अमोला घाटी में तत्काल स्थायी समाधान किया जाए। इसके तहत पानी की टंकियां स्थापित करने, नियमित चारा एवं भोजन की व्यवस्था करने और इन जीवों की देखरेख के लिए जिम्मेदार कर्मचारियों की नियुक्ति की जरूरत बताई गई है। खास बात यह है कि गोवंश भी इसी क्षेत्र में चारे और पानी की कमी से जूझ रहा है, जिससे स्थिति और चिंताजनक हो गई है। धार्मिक दृष्टि से भी यह मामला संवेदनशील है। बंदरों को हनुमान जी का स्वरूप मानने वाली आस्था के बावजूद उनकी ऐसी उपेक्षा कई सवाल खड़े करती है।

समाज से भी अपील की गई है कि केवल पूजा-अर्चना तक सीमित न रहकर इन जीवों की सेवा को प्राथमिकता दी जाए। सबसे बड़ा सवाल यह है कि इसी मार्ग से रोजाना गुजरने वाले अधिकारी और जनप्रतिनिधि इस स्थिति से अनजान कैसे बने हुए हैं? क्या किसी बड़े हादसे या मौत का इंतजार किया जा रहा है? स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने बंदर बचाओ अभियान शुरू करने का आह्वान किया है।

# बिजली लाइन में शॉर्ट सर्किट, लगी आग, रिजौदा गांव में खेत में रखा 50 क्विंटल भूसा और 25 क्विंटल गेहूं जला

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 22 अप्रैल।** लुकवासा चौकी क्षेत्र के रिजौदा गांव में बुधवार दोपहर बिजली लाइन में शॉर्ट सर्किट से खेत की नरवाई में आग लग गई। आग तेजी से फैली और खेत में बने एक कच्चे गोदामनुमा कमरे को अपनी चपेट में ले लिया।

इस अग्निकांड में कमरे में रखा लगभग 50 क्विंटल भूसा और 20 से 25 क्विंटल गेहूं पूरी तरह जलकर राख हो गया। आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि कच्चे मकान की छत में लगे करीब 150 पत्थर (पाट) और लकड़ी की मचान भी जलकर गिर गई, जिससे पूरी संरचना क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना से किसान बलराम



रघुवंशी को बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक खेत में रखा अधिकांश अनाज और भूसा नष्ट हो चुका था।

# कबाड़ गोदाम में लगी आग, पुरानी गाड़ियों और कबाड़ ने बढ़ाई लपटें

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 22 अप्रैल।** दिनारा कस्बे में बुधवार को कृष्णा चौराहे के सामने स्थित महेश बेडर के कबाड़ गोदाम में भीषण आग लग गई। इस घटना में

## फायर ब्रिगेड कर रही बुझाने की कोशिश

लाखों रुपए के नुकसान की आशंका जताई जा रही है और आग के आसपास के घरों तक फैलने का खतरा बना हुआ है। गोदाम में बड़ी मात्रा में पुरानी गाड़ियां और अन्य कबाड़ रखा हुआ था। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरे



गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया।

घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड, पुलिस प्रशासन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। सभी आग बुझाने के प्रयासों में जुट गए हैं। करेरा नगर परिषद की दमकल और कुछ पानी के टैंकर मौके पर पहुंचे है। वहीं नरवर नगर परिषद से दूसरी फायर बिग्रेड बुलाई गई है। हालांकि, खबर लिखे जाने तक आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका था। आसपास के रहवासियों में दहशत का माहौल है, क्योंकि आग के पास के घरों तक पहुंचने की आशंका है। प्रशासन मौके पर मौजूद रहकर स्थिति पर नजर बनाए हुए है। फिलहाल, आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

# पोहरी पुलिस ने 3 साल से फरार स्थाई वारंटी को दबोचा

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 22 अप्रैल।** पोहरी थाना पुलिस ने तीन साल से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। आरोपी विशेष न्यायाधीश अपर सत्र न्यायालय, शिवपुरी के प्रकरण क्रमांक 231/17 में 17 मार्च 2023 से फरार चल रहा था।

पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले और एसडीओपी पोहरी आनन्द राय के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई अंजाम दी गई। पुलिस के अनुसार, आरोपी घटना के बाद से राजस्थान में छिपकर रह रहा था और



लगातार पुलिस को चकमा दे रहा था। मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर थाना प्रभारी निरीक्षक रवि चौहान ने तत्काल टीम गठित कर घेराबंदी की रणनीति बनाई। जैसे ही आरोपी के गांव घटाई आने की खबर मिली, पुलिस टीम ने दबिश देकर स्थाई वारंटी गोलू उर्फ दीपक गोस्वामी उम्र 28 वर्ष पकड़ लिया। कार्रवाई इतनी तेज और योजनाबद्ध रही कि आरोपी को भागने का मौका तक नहीं मिला। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर दिया गया है। इस कार्रवाई में प्रआर नीरज सेंगर, आरक्षक राजकुमार माहौर, उमाशंकर और चालक सुनील पाल की विशेष भूमिका रही, जिनकी तत्परता से लंबे समय से फरार आरोपी आखिरकार कानून के शिकंजे में आ गया।

# जनगणना प्रशिक्षण का अवलोकन



**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर 22 अप्रैल.** कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में भारत की जनगणना, 2027 के सफल संचालन के उद्देश्य से विजयपुर में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का जिला योजना अधिकारी गिर्राज शर्मा, डीईओ यश जैन, बीईओ अशोक डंडोतिया द्वारा अवलोकन किया गया।

इस अवसर पर फील्ड मास्टर ट्रेनर अशोक शर्मा, सत्यनारायण शिवहरे भी उपस्थित थे। कन्या शाला में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण की विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया तथा प्रशिक्षण के संबंध में प्रगणकों, पर्यवेक्षक से जानकारी प्राप्त की गई।

# प्रदेश की मेरिट लिस्ट में नौवां स्थान प्राप्त करने वाली मेधावी छात्रा वंशिका का हुआ सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**बदरवास 22 अप्रैल।** मध्य प्रदेश बोर्ड की कक्षा 12वीं की परीक्षा में बदरवास के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की मेधावी छात्रा वंशिका यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश की राज्य स्तरीय मेरिट सूची में नौवां स्थान हासिल किया है।

वंशिका की इस गौरवशाली उपलब्धि पर शासकीय कन्या उमावि बदरवास में गत दिवस एक विशेष सम्मान कार्यक्रम रखा किया गया।इस अवसर पर



विद्यालय परिवार ने वंशिका का तिलक लगाकर, पुष्पहार पहनाकर और मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया।साथ ही वंशिका के पिता जितेंद्र यादव का भी माल्यार्पण से स्वागत कर बधाई दी। शिक्षकों ने मेधावी छात्रा वंशिका की कड़ी मेहनत और अनुशासन की प्रशंसा करते हुए कहा कि वंशिका की उपलब्धि से न केवल उनका परिवार, बल्कि स्कूल और क्षेत्र गौरवान्वित हुआ है।मेधावी छात्रा वंशिका को विद्यालय परिवार ने बधाई शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्राचार्य चंद्रवीरसिंह सेंगर, चंद्रभान श्रीवास्तव, गोविन्द अवस्थी,ममता श्रीवास्तव,कपिल परिहार, बसंती मिंज,शैलेंद्र भदौरिया, दलवीर सिंह, दीपिका चतुर्वेदी, बलराम परिहार उपस्थित रहे।